तापमान

अधिकतम 32 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 सितंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



13 कृषि अधिकारियों की सांकेतिक हड़ताल शुरू






14 सिर तन से जुदा नारे पर बवाल एफआईआर दर्ज करने की मांग




## खबर संक्षेप

### शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आज



**धमतरी।** अग्रसेन भवन में आज 9 सितम्बर को सर गौरीशंकर श्रीवास्तव चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा शिक्षक एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम शाम 4:30 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. सुमंत शेखर पाढ़ी कार्डियोलॉजिस्ट एनएचएमएमआई रायपुर होंगे। विशिष्ट अतिथि सूरजसिंह परिहार पुलिस अधीक्षक होंगे। ट्रस्ट के सदस्य डॉ. हीरा महावर, अशोक पवार, रमेश पंजवानी, अजय छाजेड़, राकेश झंवर, विनोद पांडेय, अनुराग महावर ने सभी प्रतिभागियों और धमतरीवासियों से उपस्थिति की अपील की है।

### रजत जयंती वर्ष पर रोजगार मेला 10 को

**धमतरी।** छग राज्य के रजत जयंती वर्ष पर 10 सितम्बर को लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में विशाल रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी के सहायक परियोजना अधिकारी ने जानकारी दी कि जिले के बेरोजगार युवाओं को सम्मानजनक रोजगार दिलाने और उन्हें विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ने के उद्देश्य से यह रोजगार मेला आयोजित किया जा रहा है। रोजगार मेले में लगभग 1600 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी।

### सिहावा में डीजे डांस प्रतियोगिता 10 को

**नगरी।** युवा गणेश उत्सव समिति बस स्टैंड सिहावा के तत्वावधान में राज्य स्तरीय डीजे प्रतियोगिता 10 सितंबर को बस स्टैंड सिहावा में रात्रि 8 रखी गई है। प्रतियोगिता की तैयारी में समिति के सदस्य जुटे हुए हैं।

### एमबीबीएस में तिलोकचंद का चयन

**सिर्री।** मौरीखुर्द (दहदहा) निवासी तिलोकचंद साहू पिता रामसिंह साहू ने नीट परीक्षा 504 अंकों के साथ सफलता हासिल की है। उनका चयन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय जगदलपुर में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में हुआ है।



तिलोकचंद ने अपनी पढ़ाई दहदहा, भैंसमुंडी, नारी के शासकीय स्कूल में की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर ग्रामवासियों ने हर्ष जताया है।

### जिला स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला 10 को

**धमतरी।** जिला स्तरीय मेगा हेल्थ कैंप एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम (सुप्रजा) गतिविधियों का प्रदर्शन लगभग 200 महिलाओं की उपस्थिति के सुप्रजा गतिविधि का प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर लगभग 15 सामाजिक कार्यकर्ताओं को सुप्रजा सखी के रूप में सम्मानित किया जाएगा। छत्तीसगढ़ निर्माण के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयुष विभाग द्वारा निर्मित डॉक्यूमेंट्री दिखाई जाएगी एवं लोक कलाकारों द्वारा सुप्रजा गतिविधियों का मंचन किया जाएगा। 10 सितंबर को जिला स्तरीय निः शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन राधाकृष्ण भवन महालक्ष्मी ग्रीन धमतरी में किया जा रहा है। इस मेले का मुख्य उद्देश्य महिलाओं के स्वास्थ्य, आयुष चिकित्सा पद्धति तथा पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों के महत्व को समाज तक पहुंचाना है।

## मामला कोकड़ी-खैरा का : सरपंच ने की जांच की मांग

# 25 लाख का कार्य शुरू हुए बिना 10 लाख का आहरण

- शेष राशि जारी करने सरपंच पर जनपद का दबाव

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में अजीबोगरीब मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत कोकड़ी-खैरा में 2022-23 से लेकर 2024-25 तक 15वें वित्त के मद से दर्जन भर विकास कार्यों को स्वीकृति मिली है। करीब 25 लाख रूपये का उक्त कार्य शुरू नहीं हुआ है और 10 लाख रूपये का आहरण हो चुका है। नवनिर्वाचित सरपंच उक्त कार्यों को धरातल पर ढूंढ रहा है और इधर कुरूद जनपद ने अप्रारंभ कार्यों की शेष राशि जारी नहीं करने के नाम पर सरपंच के नाम कारण बताओ नहीं तो धारा 40 के तहत कार्रवाई करने का नोटिस थमाया है।

जनपद कुरूद के ग्राम पंचायत कोकड़ी-खैरा की सरपंच योगेश्वरी साहू ने कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि 2024-25 में 15वें वित्त मद से कुंती घर के पास नाली निर्माण के लिए 3,88,800 रूपए की स्वीकृति है। यह कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है और 97,000 रूपये का आहरण कर लिया गया है।



### जनपद पंचायत ने दिया कारण बताओ नोटिस

कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कुरूद ने 14 अगस्त 2025 को कोकड़ी सरपंच के नाम कारण बताओ नोटिस जारी कर पंचायत कोकड़ी-खैरा में 15वें वित्त एवं अन्य मद के कार्यों की शेष राशि भुगतान करने तथा अवगत कराने कहा है लेकिन अब तक किसी प्रकार की जानकारी प्रस्तुत नहीं की गई है। उक्त कार्यों के लिए पंचायत को एजेन्सी बनाया गया था परंतु मूल्यांकन, सत्यापन उपरांत पैसा जारी करने के बाद भी वेंडर को विगत 2 माह से भुगतान नहीं किया गया है। ग्राम पंचायत द्वारा वेंडर को आनलाइन भुगतान किए जाने के लिए ओटीपी नहीं दिया जा रहा है जो कि स्वेच्छाचारिता को दर्शित करता है। शासन की छवि धूमिल हो रही है। पुनः निर्देशित किया जाता है कि तत्काल उक्त कार्यों की राशि जारी करने ओटीपी देवें अन्यथा पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 40-क के तहत कर्तव्यों के निर्वहन में अवचार दोषा मानते हुए कार्रवाई की जाएगी।

आक्सीजोन पंप घर निर्माण स्वीकृत राशि 3.59 लाख आहरण 1,79,500, पाइप लाइन विस्तार कार्य स्वीकृत राशि 3,08,800 रूपये आहरण 77 हजार रूपये, आक्सीजोन वर्क शेड निर्माण स्वीकृत राशि 3,18,400 रूपये, आहरण 1,79,500 रूपये, ईश्वरी घर से पंचायत तक नाली निर्माण स्वीकृत राशि 1,35,884 आहरण 1,22,200 रूपये, पाइप लाइन विस्तार कार्य 1.66 लाख रूपये, आहरण 49,200 रूपये, पाइपलाइन मरम्मत कार्य 40 हजार, आहरण 24 हजार रूपये, वर्ष 2023-24 में 15वें वित्त से शीतला सामुदायिक भवन 3.15 लाख रूपये की स्वीकृति मिली है जिसमें से 1,1,600 रूपये का आहरण, 2022-23 के 15वें वित्त में नाली निर्माण सोनू घर से पवन घर तक के लिए 1 लाख रूपये की स्वीकृति हुई थी जिसमें 80 हजार रूपये का आहरण, रामाधार घर से नाला तक नाली निर्माण के लिए 1 लाख की स्वीकृति में 80 हजार का आहरण, इसी तरह गौण खनिज से पाइप पुलिया निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रूपये का आहरण काम शुरू किए बिना पूर्व सरपंच द्वारा किया गया है।

सरपंच योगेश्वरी साहू, गोपाल पटेल, शैलेन्द्र कुमार साहू, रमाकांत साहू, बच्चन ओझा ने कलेक्टर के नाम शिकायत ज्ञापन सौंपकर कहा है कि पूर्व सरपंच ने उक्त कार्यों को बिना प्रारंभ किए राशि का आहरण कर लिया है जिसकी जांच कर राशि की वसूली करने तथा उक्त कार्यों को पुनः प्रारंभ करने की मांग की है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि निर्माण कार्यों की जांच के बिना जनपद पंचायत ने सत्यापन, मूल्यांकन कैसे कर लिया है।

# नयनाभिराम झांकियों से बना भक्तिमय माहौल, रातभर थिरकते रहे लोग

- झांकी महोत्सव में 11 समितियों ने निकाली झांकी, श्रीराम हिन्दू संगठन का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

रातभर शहरवासी नयनाभिराम झांकियों का आनंद लेते रहे। झांकियां इतनी मनमोहक थी कि लोग खुद को थिरकने से रोक नहीं पाए। कुल 11 झांकियों ने इसमें हिस्सा लिया। सुबह 5 बजे तक झांकियों का दौर चलता रहा।

ग्यारह दिन की गणेश पूजा के बाद अनंत चतुर्दशी पर गणपति की मूर्तियों का विसर्जन हुआ। इस दौरान रविवार की रात श्रीराम हिन्दू संगठन द्वारा घड़ी चौक में झांकी महोत्सव का आयोजन किया गया था। रात 8 बजे ही घड़ी चौक में माहौल बनना शुरू हो गया था, जिसमें शहर के अतिरिक्त आसपास के गांव से भी बड़ी संख्या में ग्रामीण पहुंचे थे। झांकी महोत्सव में 11 समितियों ने झांकी निकाली। इसमें धमतरी का राजा, अपना परिवार, महादेव परिवार रिसाईपारा, बाल जागरण गणेशोत्सव समिति आमापारा, गण गणनायक उत्सव समिति नयापारा, हिन्दू साम्राज्य, छत्रपति शिवाजी गणेशोत्सव समिति मराठापारा, न्यू खेल खिलाड़ी गणेशोत्सव समिति धोबी चौक, स्वतंत्र युवा मंच और गजानंद परिवार द्वारा निकाली गई झांकियां शामिल थीं। इसके अतिरिक्त राजनांदगांव से भी मनमोहक गणेश झांकी बुलाई गई थी, जो आकर्षण का केंद्र रही।

डीजे, ढोल, धुमाल सहित अन्य म्यूजिक सिस्टम में बज रहे भक्तिपूर्ण भजनों से पूरा माहौल भक्तिमय हो गया था। इस दौरान लोग खुद को थिरकने से नहीं रोक पाए। झांकी के दौरान विधायक ओंकार साहू, सुशील, सन्नी अग्रवाल, मोहन लालवानी, प्रवीण साहू, प्रतीक सोनी, आशुतोष खरे, लक्ष्मण पहलवान, अमित अग्रवाल, दिलीप बड़जात्या आदि उपस्थित थे।






## पुलिस की तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण रहा विसर्जन कार्यक्रम

# रूद्री बरॉज में हुआ गणेशजी की 660 छोटी-बड़ी मूर्तियों का विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पुलिस बल की सघन तैनाती के बीच शांतिपूर्ण वातावरण में जिले भर में लगभग हजारों मूर्तियां विसर्जित की गईं। अकेले रूद्री बरॉज में 660 से अधिक गणेशजी की छोटी-बड़ी प्रतिमाओं को विसर्जित किया गया।

जिले भर में गणेशजी की झांकी का मूर्ति विसर्जन कार्यक्रम इस वर्ष भी श्रद्धा-उत्साह और सौहार्द्र के वातावरण में शांतिपूर्ण संपन्न हो गया। लगातार दो दिन और दो रात तक चले इस विशाल धार्मिक आयोजन में पर्याप्त पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई थी। ड्यूटी के दौरान पुलिस बल ने सर्तकता और मुस्तैदी का परिचय दिया। झांकी व विसर्जन के प्रत्येक रूट पर तगड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी जिसके चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बावजूद कहीं भी अव्यवस्था या अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं हुई। पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार के निर्देशन एवं राजपत्रित अधिकारियों के मार्गदर्शन और मौजूदगी में झांकी व विसर्जन के दौरान जिले में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था रही। एसपी लगातार अधिकारियों से सुरक्षा व्यवस्था की पल-पल की मानिटरिंग करते रहे। इस दौरान पूरे जिले भर में झांकी एवं विसर्जन का आयोजन पूरी तरह से शांतिपूर्ण, सुरक्षित और व्यवस्थित रहा।



### पुलिस बल की तैनाती के कारण अप्रिय घटना नहीं

सदर बाजार मार्ग एवं शहर के हृदयस्थल से गुजरने वाली झांकियों के दौरान भारी भीड़ को संकरी गलियों से गुजारना पुलिस के लिए चुनौतीपूर्ण रहा है। इस दौरान पुलिस बल की तैनाती व सतत मानिटरिंग के कारण कहीं भी चाकूबाजी, पाकिटमारी या भगदड़ जैसी अप्रिय घटना नहीं हुई है। श्रद्धालु पूरी शांति और श्रद्धा के साथ गणेश भगवान की विदाई में सम्मिलित हुए।



### जिले भर में हजार से अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन

जिले के धमतरी, कुरूद एवं नगरी अनुभाग में गणेश जी की 1000 से अधिक बड़ी एवं छोटी प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। अकेले रूद्री बरॉज में ही धमतरी शहर की ओर से 117 बड़ी मूर्तियां एवं 542 छोटी मूर्तियां पूरे विधि-विधान के साथ विसर्जित की गई है। धमतरी शहर, कुरूद एवं भखारा क्षेत्र में झांकी सहित भव्य विसर्जन यात्रा संपन्न हुई जिसमें हजारों श्रद्धालुजन शामिल होकर गणपति बप्पा के विदाई के साक्षी बने।

### पुलिस ने किया था होम वर्क

सभी अनुभाग में पुलिस द्वारा पूर्व में ही व्यापक स्तर पर सुरक्षा के लिए होम वर्क किया गया था। अवांछनीय स्थिति को रोकने पुलिस ने पूर्व में ही गुंडा-बदमाशों पर कठोर कार्रवाई की गई थी। वहीं नशे के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाकर कार्रवाई की गई। पूर्व तैयारी के चलते ही बड़ा आयोजन शांतिपूर्ण व सुरक्षित ढंग से संपन्न हुआ।

### इन अधिकारियों का रहा योगदान

झांकी विसर्जन यात्रा को संपन्न कराने में एएसपी मणिशंकर चंद्रा, शैलेन्द्र पांडेय, सीएसपी अभिषेक चर्तुवेदी, एसडीएम पीयूष तिवारी, डीएसपी मोनिका मरावी, मीना साहू, कुरूद एसडीओपी रागिनी मिश्रा, नगर निगम के राजस्व अधिकारी, थाना प्रभारी, क्यूआरटी टीम, साइबर सेल सहित पुलिस जवानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## तालाब में डूबने से दो साल के मासूम की मौत

**धमतरी।** दो साल के मासूम बच्चे की घर के पास स्थित तालाब में डूबने से मौत हो गई । अस्पताल पुलिस के अनुसार अर्जुनी थाना क्षेत्र के ग्राम खपरी निवासी परशुराम नेताम रविवार को अपनी पत्नी के साथ खेत गया था। उसका दो वर्ष का बेटा शिशुपाल नेताम अपनी दादी के पास घर पर था। शाम को भतीजा लोकेश ने खेत पहुंचकर बताया कि शिशुपाल घर पर नहीं है। बच्चे को खोजने की बात बताई। परशुराम अपनी पत्नी के साथ तत्काल घर पहुंचा और बच्चे की तलाश शुरु कर दी। इसी दौरान परशुराम का बड़ा भाई किशनलाल नेताम लघुशंका के लिए घर के पास स्थित तालाब की तरफ गया। तालाब के पानी में बच्चे का शव देख परिजनों को इसकी जानकारी दी। बच्चे को तलाब से निकालकर उपचार के लिए मसीही अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने चेकअप के बाद बच्चे को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने सोमवार को शव का पंचनामा व पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।

## पितरों का आगमन शुरू, स्वागत में घर-घर बनेंगे पकवान

**धमतरी।** पितरों की तृप्ति के लिए तर्पण का सिलसिला सोमवार से शुरू हो गया है। पितृपक्ष के पहले दिन बैसकी पर गांवों में काम धाम बंद रखा गया। घर के आंगन की गोबर से लिपाई कर आटे का चौक बनाया गया। इस चौक में पितरों का आह्वान कर विराजित किया गया। सुबह स्नान के बाद लोगों ने सबसे पहले पितरों का तर्पण किया।



भाद्रपद पूर्णिमा से पितृपक्ष प्रारंभ हो गया है। पहले दिन बैसकी मनाया गया। मान्यता के अनुसार इस दिन से पितरों का घर में आना शुरू हो गया है। अब से 15 दिन आश्विन मास तक पितृपक्ष चलेगा। इस दौरान लोग अपने पूर्वजों को तर्पण और श्राद्ध के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पंडित युवराज शर्मा के अनुसार अमावस्या को पितृ विसर्जन किया जाएगा। पितृपक्ष में शुभ कार्य, नये वाहन, कपड़े, बर्तन सहित अन्य नई चीजों की खरीदी को अशुभ माना जाता है। जानकारी के अनुसार नवमी तिथि को मातृ नवमी मनाया जाता है। इस दिन का तर्पण मृत हो चुकी महिलाओं के लिए दिया जाता है।

## कुकरेल ब्लाक में शामिल करने पर भोयनावासियों को आपत्ति



**धमतरी।** ग्राम विकास समिति भोयना ने ग्राम पंचायत भोयना को कुकरेल ब्लाक में शामिल करने पर आपत्ति की है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में पहुंचे भोयना सरपंच पारथ ध्रुव, ग्राम समिति अध्यक्ष सीताराम नेताम, सचिव चंद्रहास नेताम, हेमनलाल साहू, शंकर, भुवन लाल, उपेन्द्र सिन्हा, शुकलाल, श्रवण, गौकरण आदि ने कलेक्टर के नाम आवेदन कर कहा है कि ग्राम भोयना धमतरी ब्लाक से बहुत करीब है। ग्रामीणों को सभी कार्य के लिए धमतरी पास पड़ता है। कुकेरल ग्रामीणों को दूर पड़ता है तथा अनुविभागीय कार्यों के लिए नगरी जाना पड़ेगा। समस्या को देखते हुए पंचायत ग्राम विकास समिति तथा ग्रामीणों को कुकरेल ब्लाक से शामिल करने पर आपत्ति है। कुकरेल ब्लाक में भोयना गांव को शामिल नहीं करने की मांग की है।

## हर छात्रावास में एक महिला नगर सैनिक 24 घंटे देती है ड्यूटी

# बालिका छात्रावासों की सुरक्षा 23 होमगार्ड के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस साल भी बालिका छात्रावासों में कमजोर सुरक्षा व्यवस्था के बीच छात्राओं को गुजारा करना पड़ेगा। हर छात्रावास में एक महिला नगर सैनिक की ड्यूटी लगाई गई है, जिसे 24 घंटे ड्यूटी देनी पड़ती है, जो किसी भी एंगल से उचित नहीं है। कई बार नगर सैनिकों को काम से घर आना पड़ता है। ऐसे में छात्रावास की सुरक्षा कमजोर हो जाती है।

स्कूल खुलने के साथ ही आदिमजाति विकास विभाग के छात्रावास भी खुल गए हैं। इन छात्रावासों में एडमिशन कम्पलीट हो चुका है और छात्र-छात्राएं इन छात्रावासों में रहने भी लगे हैं। जानकारी के अनुसार जिले में कुल 58 छात्रावास हैं, जिसमें से 35 बालक और 23 बालिका छात्रावास हैं। इनमें से बालिका छात्रावासों में सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहा है। लंबे समय से इन छात्रावासों में एक-एक महिला नगर सैनिक की ड्यूटी लगाई जा रही है। ये महिला नगर सैनिक दिनरात छात्रावास में ही रहकर 24 घंटे ड्यूटी देती हैं। 24 घंटे सुरक्षा देना काफी कठिन काम है। कई बार इन महिलाओं को घरेलू काम के सिलसिले में घर जाना पड़ता है। इस वक्त छात्रावासों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा होता है। कई बार दूसरी महिला नगर सैनिक की ड्यूटी लगाई जाती है। उल्लेखनीय है कि आदिम जाति विकास विभाग द्वारा महिला नगर सैनिकों की संख्या बढ़ाने के लिए कई बार मांग की जा चुकी है। हर छात्रावास में कम से कम दो महिला नगर सैनिक तैनाती करने की मांग की गई है, लेकिन अब तक इस मांग पर ध्यान नहीं दिया गया है।



### 23 बालिका छात्रावासों में 1340 छात्राएं

कुल 58 छात्रावासों में 2400 छात्र-छात्राओं का दाखिला हुआ है। जिसमें से 23 बालिका छात्रावासों में 1340 छात्राएं रह रही हैं। इन छात्रावासों में 23 नगर सैनिकों की ड्यूटी लगाई है। 35 बालक छात्रावासों में 1060 बालक रह रहे हैं। उल्लेखनीय है कि बालकों को लेकर भी जिले में अपराध बढ़े हुए हैं, लेकिन छात्रावासों में रहने वाले इन छात्रों की सुरक्षा के लिए कोई खास इंतजाम नहीं है। छात्रावास में चौकीदार और भृत्य रहते हैं जो बारी-बारी से ड्यूटी करते हैं।


पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

**खबर संक्षेप**

### गणेश प्रतिमा का हुआ विसर्जन

**नरहरपुर।** कांकेर जिला मुख्यालय से करीब 18 किमी दूरी में बसे ग्राम रिसेवाड़ा में छः बड़े चौंक में इस वर्ष गणेश स्थापना किया गया था। सभी स्थानों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने धुमधाम 11 दिन पूजा अर्चना किया। 11 वें दिन भाई चारा प्रेम से गणपति बप्पा मोरया अगले बरस तू जल्दी आ का नारा गूंजा। बड़ी संख्या में श्रद्धालु धुमधाम से शांति पूर्वक गणेश विसर्जन कर एकता का परिचय दिया।

### सर्पदंश से बच्ची की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत मरोडा निवासी 8 वर्षीय अन्नु तोप्पा का सर्पदंश से मौत हो गया। मरोडा निवासी 27 वर्षीय सोमनाथ तोप्पा ने पुलिस को बताया कि 7 सितंबर की शाम 4 बजें के आसपास मृतिका को सांप ने काट लिया। इलाज के लिए अस्पताल ले गए। अस्पताल में इलाज के दौरान अन्नू की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### आप ने किया केदार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने वन मंत्री केदार कश्यप का पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। आम आदमी पार्टी ने इस्तीफे की मांग की है। वरिष्ठ नेता बालू राम भवानी ने तथा प्रदेश सह संगठन मंत्री समीर खान ने घटना की निंदा की है। इस दौरान अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

### आरोप लगाने से पहले कांग्रेस अपने गिरेबान में झांके

**जगदलपुर।** भाजपा पूर्वी नगर मंडल के उपाध्यक्ष राकेश तिवारी ने जारी बयान में कहा कि कांग्रेस नेताओं का मंत्री केदार कश्यप पर मारपीट का आरोप लगाना हास्यास्पद है। उन्होंने कहा कि आरोप लगाने से पहले कांग्रेसी अपने गिरेबान पर झांके जहां उन्होंने आज भी प्रदर्शन के दौरान एक पुलिस महिला कर्मचारी को चोट पहुंचाई है। उन्होंने कहा कि बस्तर से कांग्रेस का जनाधार पूरी तरह से खत्म हो गया है।

जिसकी वजह से बौखलाए कांग्रेसी बेवजह का विवाद खड़ा कर रहे हैं।

### कांग्रेस कर रही सस्ती लोकप्रियता पाने की कोशिश

**जगदलपुर।** पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतू राम बघेल ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस का यह रवैया पूरी तरह राजनीतिक अवसरवाद और सस्ती लोकप्रियता बटोरने की कोशिश है। मंत्री केदार कश्यप पर लगाए गए आरोप रिाधार,एकतरफा और तथ्यों से परे हैं। बिना किसी जांच और प्रमाण के इस्तीफ़े की माँग करना कांग्रेस की राजनीति की अपरिपक्वता और बौखलाहट को ही दर्शाता है।

### स्थानीय कारीगरों के लिए उद्यमिता कार्यशाला

**जगदलपुर।** भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय के अंतर्गत बस्तर शिल्प हैंडिक्राफ्ट प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड द्वारा उद्यमिता विकास को प्रोत्साहित करने हेतु छः दिवसीय कार्यशाला का आयोजन शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में किया जा रहा है।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

अपील राजस्व प्रकरण क्रमांक 202207132400022/ 1306/ अपील वर्ष 2024-25 पेशी दिनांक 24/09/2025

सोहनलाल पिता स्व. कुलेश्वर जाति गोंड़ निवासी ग्राम साल्हेभाट तहसील कुकरेल जिला-धमतरी ...... अपीलार्थी

विरूद्ध

1. देवकुमार पिता गैंदलाल जाति तेली, 2. नारायण पिता गैंदलाल जाति तेली, 3. भुवनलाल पिता गैंदलाल जाति तेली, 4. लखनलाल पिता गैंदलाल जाति तेली उपरोक्त चारों ग्राम कांटाकुरीडीह तहसील कुकरेल, 5. बसंत कुमार पिता डेरहाराम साहू निवासी ग्राम दरगहन तहसील कुकरेल, 6. चंद्रपाल पिता जागेश्वर जाति सतनामी, 7. सुशील पिता जागेश्वर जाति सतनामी, 8. विजयालक्ष्मी पिता जागेश्वर जाति सतनामी, 9. संगीता पिता जागेश्वर जाति सतनामी, 10. डेलियाबाई पति जागेश्वर जाति सतनामी क्र. 6 से 10 निवासी आकाश गंगा कालोनी रूद्री रोड धमतरी तहसील व जिला धमतरी, 11. दयाराम पिता घांसीराम जाति गोंड़, 12. उमेन्द्र पिता गोपाल जाति गोंड़, 13. बिशेषर पिता सिरीराम जाति तेली, 14. टेकराम पिता सिरीराम जाति तेली, 15. तुलसीबाई पति सिरीराम जाति तेली क्र. 11 से 15 निवासी ग्राम साल्हेभाट तहसील कुकरेल जिला धमतरी, 16. सेवक राम पिता ईश्वर लाल जाति सतनामी, 17. पोखनलाल पिता ईश्वर लाल जाति सतनामी, 18. बीरसिंग पिता बुधराम, 19. दयाराम पिता घांसीराम जाति कोष्टा, 20. रेवाराम पिता साधुराम जाति तेली, 21. सखराम पिता साधुराम जाति तेली, 22. सुकारबाई बेवा साधुराम जाति तेली क्र. 16 से 22 निवासी ग्राम साल्हेभाट तहसील कुकरेल जिला धमतरी ...... उत्तरवादीगण

अपीलार्थी श्री सोहनलाल पिता स्व. कुलेश्वर जाति गोंड़ निवासी ग्राम साल्हेभाट तहसील कुकरेल जिला धमतरी द्वारा न्यायालय तहसीलदार कुकरेल के राजस्व प्रकरण क्रमांक 202207132400022/ब-121 वर्ष 2021-22 ग्राम साल्हेभाट में पारित आदेश दिनांक 30.04.2025 से परिवेदित होकर छ.ग. भू-राजस्व संहिता की धारा 44 (1) के तहत अपील आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त अपील प्रकरण की आगामी सुनवाई न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नगरी में दिनांक 24/09/2025 दिन बुधवार को प्रातः 11.00 बजे नियत की गई है। अतएव उपरोक्त उत्तरवादी क्रमांक 05, 06, 07, 08, 09, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 22 को सूचित किया जाता है कि उक्त पेशी दिन आप स्वयं या अधिवक्ता के मार्फत उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। आप यदि पेशी दिन पर उपस्थित नहीं होते हैं तो आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जाकर अपील प्रकरण में अग्रिम कार्यवाही की जावेगी। आज दिनांक 01.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा से जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)**

आकर्षक लाइट, धुमाल-डीजे के साथ हुई खूब आतिशबाजी

# गणेश विसर्जन पर निकली नयनाभिराम झांकियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद अपने संस्कारों और परंपरा के लिए जाना जाता है। एकता और भाईचारे की अनूठी मिसाल पेश करने वाले इस शहर में गणेशोत्सव सौहार्द्रपूर्ण ढंग से मनाया गया। बरसों से चली आ रही विसर्जन झांकी के सिलसिले को इस वर्ष भी बेहतर तरीके से दर्शकों के बीच प्रस्तुत किया गया। यही कारण है कि यहां की नयनाभिराम झांकी देखने हजारों की भीड़ उमड़ी।

बीते शनिवार की रात्रि को शहर की सड़कों में रातभर घूमने वाली आकर्षक झांकियां डीजे व धूमाल की मधुर धुन पर निकली जहां नाचते - झूमते भक्तों ने आकर्षण का रंग भर दिया। आकर्षक लाइट, बेहतरीन बैकग्राउंड व आतिशबाजी ने लोगो को देर रात तक टिकाए रखा। आमजनों ने बप्पा के अंतिम दर्शन कर अगले बरस तू जल्दी आ की अर्जी लगाई। वहीं कुछ गणेश समितियों ने रविवार को दिन में श्री गणेश जी की विसर्जन यात्रा निकालकर लंबोदर महराज को विदाई दी। विसर्जन का सिलसिला नगर के प्रमुख तालाबों में जारी रहा।





### झांकियों में दिखा सामाजिक रीति-रिवाज व परम्पराओं का चित्रण

धुमाल और डीजे की ध्वनि से सजी यह झांकियां आकर्षक लाइट डेकोरेशन और अत्याधुनिक साज सज्जा से लैस रही। संजय नगर की समिति ने धार्मिक प्रसंग को दर्शाते हुए भव्य झांकी निकाली। डिपो रोड समिति ने नंदा जाही का विषय पर तेजी से गुम हो रही सामाजिक परम्परा एवं रिति रिवाज का चित्रण किया। अणु बम, सरोजनी चौक, डबरापारा, हुतात्मा चौक से भी झांकी निकाली गई जिसमें झांकियों में शिव जी और माता पार्वती का विवाह, कमल नयन अवतार, श्री गणेश जी का झूला झूलना, श्री गणेश जी द्वारा माता शक्ति की सवारी रथ से ले जाना, शिव परिवार, माता शक्ति के विभिन्न रूप , हनुमान जी का पराक्रमी रूप सहित विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संदेशों से भरपूर झांकियां रही, जिसे देखने बड़ी संख्या में देर रात तक जुटे रहे।

### बोलबम सेवा समिति ने स्वागत कर बांटे इनाम

शहर की सड़कों पर विर्सजन झांकियां रातभर घूमती रहीं और जिसे देखने आए हजारों की संख्या में नगरवासी और ग्रामीण अंचल के लोग अलग-अलग स्थानों में भगवान गणेश और झांकियों पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। झांकियों का स्वागत पुराना बाजार में बोल बम सेवा समिति द्वारा स्वागत मंच बनाकर किया गया। यहां पर नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति चंद्राकर, बोल बम सेवा समिति अध्यक्ष भानु चंद्राकर सहित समिति के प्रमुख सदस्य और पार्षद मौजूद रहे। विशाल जनसमुदाय के बीच सभी झांकियों का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया और उन्हें स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। वहीं पुराना बस स्टैंड में फ्रेंड्स गणेश उत्सव समिति द्वारा सभी झांकियों का स्वागत और सम्मान किया गया।

## नवागांव में महिला कमांडो एवं ग्रीन कमांडो समिति गठित



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

कुरुद जनपद अंतर्गत सरपंच संघ कुरूद द्वारा संचालित मोर गांव मोर अभिमान मिशन कार्यक्रम के तहत ग्राम पंचायत नवागांव (उमरदा) में सरपंच संघ कुरूद के संरक्षक टिकेश साहू (स्थानीय सरपंच) की उपस्थिति में महिला कमांडो एवं ग्रीन कमांडो समिति का गठन किया गया। इस अवसर पर ग्राम की जागरूक महिलाओं ने ग्राम नवागांव को स्वच्छ, सुरक्षित एवं नशामुक्त ग्राम बनाने का संकल्प लिया। सर्वसम्मति से श्रीमती अनीता कंवर को महिला कमांडो समिति की अध्यक्ष मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से बिहान आजीविका मिशन की श्रीमती आशा साहू एवं श्रीमती सुलोचना चंद्राकर मौजूद थीं। उन्होंने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि महिलाएं आजीविका संवर्धन के कार्यों को अपने रोज़मर्रा की जीवनशैली से जोड़ें, तो आत्मनिर्भरता और ग्राम विकास की दिशा में महत्वपूर्ण परिवर्तन संभव है। ग्राम की महिलाओं ने इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, नशामुक्ति एवं सामाजिक जागरूकता के क्षेत्र में एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया।

## शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं : ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

- शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का किया सम्मान

शिक्षक दिवस के अवसर पर भखारा भठेली नगर की विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में आयोजित सम्मान समारोह में नपं अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन एवं शाला विकास समिति अध्यक्ष ईश्वर साहू, उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने शिक्षकों का सम्मान किया। आत्मानंद स्कूल, पूर्व माध्यमिक शाला भठेली एवं शासकीय प्राथमिक शाला भठेली में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं का प्रतीक चिन्ह भेंटकर अभिनंदन किया। नवाचार के लिए ज्ञानश्री सम्मान से सम्मानित रवि ठाकुर का भी सम्मान हुआ। अपने उद्बोधन में श्रीमती जैन ने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माता होते हैं, जिनके मार्गदर्शन और संस्कारों से छात्र देश का उज्ज्वल भविष्य बनाते हैं।

ज्योति जैन ने आगे कहा कि शिक्षक दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं बल्कि हमारे गुरुजनों के प्रति आभार और श्रद्धा प्रकट करने का अवसर है। इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपने शिक्षकों का सदैव सम्मान करें और उनके बताए मार्ग पर चलकर सफलता प्राप्त करें। जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष ईश्वर साहू ने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञान का संचार ही नहीं करते, बल्कि विद्यार्थियों के चरित्र निर्माण और समाज निर्माण में भी उनकी भूमिका सर्वोपरि होती है। उपाध्यक्ष विष्णु साहू ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षकों के मार्गदर्शन का आदर करें, क्योंकि शिक्षा ही वह धन है जो जीवनभर साथ देता है और समाज को नई दिशा प्रदान करता है। इस अवसर पर पार्षदगण हितेंद्र साहू, भूपेंद्र यादव, मयंक जैन, जितेंद्र साहू, प्राचार्य राजकुमार गंजीर सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।





## टीकमराम को टपकती छत से मिली मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

ग्राम सांरगपुरी निवासी टीकमराम मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं। कभी उनका घर कच्ची दीवारों और टपकती छत से बना हुआ था। बरसात आते ही पूरा परिवार भीग जाता। मां, बच्चों की नींद हराम हो जाती और जीवन कठिनाइयों से घिरा रहता। लेकिन जब प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) अंतर्गत उनका नाम स्वीकृत हुआ तो मानो अंधेरे में रोशनी की किरण मिल गई। पंचायत और आवास मित्र की मदद से जल्द ही उनका नया घर तैयार हुआ। आज टीकमराम और उनका परिवार पक्के, सुरक्षित और सुंदर मकान में चैन की जिंदगी बिता रहे हैं। बच्चों को पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल मिला है और बुजुर्ग मां अब सुकून की नींद सो पाती हैं। टीकमराम ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह मकान सिर्फ दीवार और छत नहीं है, बल्कि हमारे परिवार के लिए नया जीवन है। प्रधानमंत्री आवास योजना ने हमें मजबूती और सम्मान दिया है। प्रधानमंत्री आवास योजना सिर्फ घर नहीं बनाती, बल्कि गरीब परिवारों के सपनों को पंख देती है और उन्हें सुरक्षित भविष्य का आधार देती है।

## साहू समाज अटंग के वेदप्रकाश अध्यक्ष, टीकाराम उपाध्यक्ष बने

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री



ग्रामीण साहू समाज अटंग में पदाधिकारियों का चयन किया गया। अध्यक्ष वेदप्रकाश साहू, उपाध्यक्ष टीकाराम साहू, महिला उपाध्यक्ष सत्यवती साहू, संगठन सचिव रानूलाल साहू, महिला संगठन सचिव संगीता साहू को बनाया गया। 7 सितंबर को निर्वाचित एवं मनोनीत पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। मनोनीत पदाधिकारियों में संरक्षक टेकराम साहू, संयोजक भागवत साहू , महामंत्री शिवकुमार साहू, सचिव धूषण लाल, कोषाध्यक्ष सांत्वन साहू, अंकेक्षक ढालूराम साहू, उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, सहसचिव बिसंभर साहू, सलाहकार निरंजन साहू, सोमप्रकाश साहू, कुंवर सिंह, संगठन मंत्री श्रवण साहू, मोहन साहू, मीडिया प्रभारी रुद्रनाथ, गजेन्द्र साहू, संयोजक दानवीर भामाशाह द्वारिका प्रसाद, युवा प्रकोष्ठ गिरीश साहू, कर्मा सैनिक कौशल साहू, महिला प्रकोष्ठ रेखा साहू, सभी पार प्रमुख, महिला प्रकोष्ठ, युवा प्रकोष्ठ, कर्मा सैनिक के सदस्य शामिल रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिसाहूराम साहू थे। विशिष्ट अतिथि लखन लाल साहू, गायत्री साहू, नेतराम साहू, नरसिंह साहू, खेमन साहू, लोकेश्वर साहू, टेकराम साहू, हीराराम साहू, बिष्णु राम, किशन लाल, गोकुल राम, सूरजभान, तुकाराम, महेश गुरुजी, अर्जुन बाबा, मन्नू लाल, रामरमेश ,राधेश्याम, रूक्मणि, ममता, डोमिन, राधिका, सेवती, उषा, चंद्रकला,अहिल्या, कमलेश्वरी थे। प्रकाश साहू कोषाध्यक्ष द्वारा नव नियुक्त पदाधिकारियों को कार्यभार सौंपा गया।

नवीन पदाधिकारियों के चयन होने पर रिखीराम साहू परिक्षेत्र अध्यक्ष, डुगेश्वरी ईशु साहू जनपद सदस्य मगरलोड, टेकराम साहू जनपद सदस्य सिवनीकला, लता ध्रुव सरपंच सिवनीकला, दीपदान साहू उपसरपंच, सुशील साहू, टकेश्वर चंद्राकर, विक्रम साहू, ईश्वर साहू, अरुण साहू, दीपेश्वरी साहू, दिनेश चंद्राकर अध्यक्ष सचिव संघ, युगलकिशोर, हर्ष कुमार, तुमनलाल, मोतीराम, त्रिलोकनाथ, रोशन चंद्राकर, कलीराम, कोमल शुक्ला, उमेश साहू ने हर्ष जताया है।

## गुरूजनों का सम्मान ही सफलता का राज : विकल

- प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल में हुआ शिक्षकों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल नगरी में शिक्षक दिवस पर शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम आयोजित हुआ। संस्था में अध्यनरत छात्र-छात्राओं एवं संचालन समिति द्वारा शिक्षकों का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि संस्था प्रमुख विकल गुप्ता ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि गुरु शिष्य की परंपरा को बरकरार रखते हुए शिक्षकों का सम्मान एवं उनके द्वारा बताए गए मार्गों का अनुसरण करने से निश्चित रूप से सफलता मिलेगी और सफल वही है जिसके मन में अनुशासन की भावना एवं अपने लक्षण को पूरा करने के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करने का गुण होता है।

उन्होंने शिक्षकों से अनुरोध किया कि आप सभी छात्रों के भविष्य की चिंता करते हुए ईमानदारी से शैक्षणिक कार्यों का निर्वाह करें ताकि आने वाली पीढ़ी अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करने के लिए सक्षम हो सके। प्राचार्य सुनीता कश्यप, शिक्षिका बनमाला साहू, एस वर्मा, मोहन, संगीता साहू, कुमारी सरिता साहू, हेमराज हिरवानी, कोशिश निर्मलकर एवं अन्य शिक्षकों ने बच्चों को संबोधित किया। सभी शिक्षकों का सम्मान श्रीफल भेंट कर किया गया। छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सादिया खान, अनीता कश्यप, चित्रलेखा, भारत लाल साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### कंडेल में रही गणेश झांकी की धूम



**पुरी।** पुरानी परंपरा का निर्वहन करते हुए आज भी ग्राम कंडेल में गणेश झांकी निकाली गई। झांकी में प्रथम आदर्श गणेश उत्सव समिति कंडेल रहा। कंडेल की राजा आदर्श गणेश उत्सव समिति ने जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले को झांकी के माध्यम से प्रस्तुत किया था।

## बाजे-गाजे के साथ दी विघ्नहर्ता को विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अंवरी

गणपति बप्पा मोरया मंगलमूर्ति मोरया का उद्घोष सुबह से ही अंवरी की सड़कों पर गूंजती रहा। जिसे देखो वही अपने आराध्य गणपति को शानदार विदाई देना चाहते थे। हर तरफ रंगों और फूलों की होली खेलने वालों की भीड़ लगी थी। बाजे-गाजे के साथ निकाली गई भगवान गणेश की विसर्जन यात्रा में भक्तगण नाचते- झूमते नजर आये। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल भी लगाया। थानेश्वर साहू, लोकेश्वर साहू, ईश्वर साहू, रोशन साहू, मुकुंद साहू, नीरज साहू, डागेश्वर साहू, चेतना साहू, रुचिका साहू, केशव साहू के निवास पर विराजमान गणपति की आरती कर गणपति बप्पा को विशेष मंत्रों के साथ विदाई दी गई।



मुचकुंद ऋषि पर्यटन समिति ने मेचका में सफाई अभियान चलाया

## प्राकृतिक धरोहर और धार्मिक स्थलों के संरक्षण पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा मार्गदर्शन पर पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से श्री मुचकुंद ऋषि पर्यटन समिति के नेतृत्व में ग्राम मेचका में विशेष सफाई अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ग्राम के युवा, महिलाएं और बुजुर्ग बड़ी संख्या में शामिल हुए। अभियान की शुरुआत ग्राम मेचका के मुख्य मार्ग से होकर इको पार्क तक की गई, इसके बाद मुचकुंद ऋषि पहाड़ी स्थित बारह पाली में पुजारी श्यामल साय धुर्वा सहित बुजुर्गजनों ने पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस मौके पर समिति अध्यक्ष गयासिंह मांझी, सचिव संतोष नेताम, मेचका सरपंच जीवनलाल नाग, खिलेश्वर यादव, खोगेश्वर धुर्वा, कैलाश साहू, संतोष धुर्वा, कपिल वैष्णव, नरेश, कपिल नेताम, मनोज कटरे, संतोष ठाकुर, विक्रम नेताम, भूपेन्द्र नाग, मनोज नेताम, चंद्रहास वैष्णव, लीलांर मांझी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित थे। पूर्व सरपंच विमला धुर्वा, परमेश्वरी नेताम, उत्तरा ओटी, ईश्वरी नेताम, महेश्वरी नेताम सहित पंचगण एवं पर्यटन समिति के सदस्य भी पूरे उत्साह के साथ इस अभियान में शामिल हुए। ग्रामवासियों ने सामूहिक सहयोग और सहभागिता से संदेश दिया कि प्राकृतिक धरोहरों और धार्मिक स्थलों के संरक्षण में सभी की भागीदारी आवश्यक है।





## अंचल की खबरें

### भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष का पूर्व विधायक ने किया स्वागत



**धमतरी।** धमतरी प्रवास पर पहुंचे भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिहा का भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने अपने निवास पर टिकरिहा का आत्मीय स्वागत करते हुए उन्हें साफा और पारंपरिक गमछा पहनाकर सम्मानित किया। श्रीमती साहू ने उन्हें छत्तीसगढ़ भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष पद की नई जिम्मेदारी मिलने पर विश्वास व्यक्त किया कि श्री टिकरिहा के नेतृत्व में युवा मोर्चा संगठन और अधिक सशक्त होकर युवाओं को राष्ट्रनिर्माण की मुख्यधारा से जोड़ेगा। इस दौरान युवा मोर्चा के अनेक कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मृतक के परिवार को दी सहायता राशि



**धमतरी।** मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना के तहत स्वामी विवेकानंद वार्ड निवासी एक मृतक के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की गई। इस योजना अंतर्गत नगर निगम द्वारा मृतक के परिवार को 2000 रुपए की सहायता राशि दी गई। पार्षद एवं नगर निगम की महिला एवं बाल विकास सभापति विभा चंद्राकर ने कहा कि मुख्यमंत्री श्रद्धांजलि योजना दुख की घड़ी में परिवारों को सहारा देने वाली योजना है। इससे शोकाकुल परिजनों को तात्कालिक राहत मिलती है। हमारी जिम्मेदारी है कि शासन की हर योजना का लाभ पात्र लोगों तक समय पर पहुंचाया जाए।

### शिक्षादूत ने अपनी सम्मान राशि शाला को भेंट की



**धमतरी।** मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण अंतर्गत शिक्षादूत पुरस्कार से सम्मानित होने वाली शासकीय उन्नत प्राथमिक शाला मुड़पार की शिक्षिका उर्मिला ने अपनी सम्मान राशि 5 हजार रुपये को अपने शाला के विकास के लिए शाला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को सौंपा। इस अवसर पर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मेलाराम निषाद, प्रधानपाठक रमेश कुमार यादव, महेश्वरी सिन्हा, शशिकला जाधव उपस्थित थे।

### पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन ने महापौर को मांग पत्र सौंपा



**धमतरी।** राधाकृष्ण भवन में पुलिस पेंशनर वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा सम्मान समारोह एवं पारिवारिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा थे। कार्यक्रम के दौरान संस्था के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने महापौर का आत्मीय स्वागत किया तथा उन्हें मांग पत्र भी सौंपा। साथ ही समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले पेंशनर परिवार से जुड़े व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। महापौर रामू रोहरा ने कहा कि समाज हित में किए जा रहे कार्य वाकई प्रेरणादायक हैं। उन्होंने आश्वस्त किया कि नगर निगम ऐसे कार्यों में सदैव सहयोग देने के लिए तत्पर रहेगा। मौके पर राजेश शर्मा, सरिता दोशी, विशाल ठाकुर, होरीलाल साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष पवन गजपाल, पार्षद अखिलेश सोनकर, विभा चंद्राकर, कुलेश सोनी, अज्जू देशलहरे, चन्द्रभागा साहू, संजय देवांगन सहित अन्य गणमान्यजन मौजूद थे।

### मंत्री खुशवंत साहेब का सम्मान 21 को



**धमतरी।** तकनीकी शिक्षा विभाग के अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा गुरु खुशवंत साहेब मंत्री कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार, अनुसूचित जाति विभाग का 21 सितंबर को सम्मान किया जायेगा। अधिकारी- कर्मचारियों ने इस सबंध में उनके रायपुर निवास में भेंट की। इस अवसर पर पॉलीटेक्निक कालेज के प्राचार्य अमित मिश्रा, अनुसूचित जनजाति शासकीय सेवक विकास संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष आरएन ध्रुव, अनुसूचित जाति, जनजाति अजाक्स छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मण भारती, तकनीकी शिक्षा राजपत्रित संघ के प्रदेश सचिव हर्षल मोहिते, जयप्रकाश डड़सेना, तकनीकी कर्मचारी संघ के महामंत्री मुकेश केसरी, गोहद राम साहू, किशोर निर्मलकर, गिरधारीलाल ताम्रकार, राजेश बार्वे, बसंत कुमार तिर्की, एसके वर्मा, देवेंद्र कुमार जुरेसिया, शेखराम ध्रुव, जगेश्वर प्रसाद, रविन्द्र कुमार यादव, गोमेश कुमार चंद्राकर, रेखराम ठाकुर उपस्थित थे।

### गणेशपुर के ग्रामीणों ने विधायक को मांग पत्र दिया



**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत गणेशपुर के सरपंच गंगाप्रसाद मिश्रा एवं ग्रामीणों ने अजय चंद्राकर से मुलाकात कर गांव में विभिन्न विकास के लिए मांग पत्र सौंपा तथा 13 से 15 सितंबर तक आयोजित रामधुनी प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र भी दिया। इस अवसर पर उपसरपंच रेखा निषाद, पंच जगदीश साहू, भूखीन ध्रुव, ग्रामपटेल जीवन साहू, पूर्व सरपंच रेखा यादव, सुरेश राजपूत, कामता साहू, सूरजे साहू समेत बोलबम समिति के सदस्य उपस्थित थे। यह जानकारी डॉ ललित निषाद ने दी।

दो दिन तक करेंगे काली पट्टी बांधकर काम, फिर आंदोलन

# कृषि अधिकारियों की सांकेतिक हड़ताल शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरूद

प्रदेश में राजस्व, स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास विभाग के बाद अब कृषि विभाग छत्तीसगढ़ कृषि स्नातक शासकीय कृषि अधिकारी संघ ने अपनी विभिन्न नौ सूत्रीय मांगों को लेकर चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लेते हुए हड़ताल शुरू कर दी है।

संघ के प्रांतीय महामंत्री मोहित जैन ने बताया की संघ के प्रांतीय पदाधिकारियों एवं सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से नौ सूत्रीय लंबित मांगों की पूर्ति के लिए चरणबद्ध सांकेतिक विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है।

8 और 9 सितंबर को काली पट्टी लगाकर कार्य करेंगे एवं 15 सितंबर को जिले के समस्त विकासखंड एवं जिला स्तर पर तहसीलदार, एसडीएम एवं कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री एवं कृषि मंत्री के नाम से ज्ञापन सौंपा जाएगा।

उक्त तिथि में बिना संसाधन भत्ता के ऑनलाइन कार्य नहीं किया जाएगा। संघ द्वारा जारी ज्ञापन के अनुसार 23 सितंबर को एक दिवसीय सांकेतिक प्रदर्शन करेंगे एवं रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा।

#### ये हैं इनकी 9 सूत्रीय लंबित मांगें

वेतनमान संशोधन 43 सौ ग्रेड पे, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी एवं कृषि विकास अधिकारी के कार्यक्षेत्र का पुनर्निर्धारण, मासिक स्थाई भत्ता में वृद्धि कर 2500 रुपए करने, सभी ऑनलाइन विभागीय कार्य सम्पादन के लिए मोबाइल इंटरनेट, लैपटॉप, स्टेशनरी इत्यादि के लिए संसाधन भत्ता, राजस्व विभाग की तर्ज पर विभागीय अमले की कमी के कारण अतिरिक्त प्रभार दिए जाने की स्थिति में सम्मानजनक अतिरिक्त क्षेत्रीय भत्ता, मध्यप्रदेश शासन की तर्ज पर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी पदनाम को कृषि विस्तार अधिकारी करने के लिए, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों एवं कृषि विकास अधिकारियों की ड्यूटी गैर विभागीय कार्यों में न लगाने, कृषि आदान सामग्री सेवा सहकारी समितियों में भंडारण करने, डीबीटी प्रणाली लागू करने, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी से कृषि विकास अधिकारी के पद में विगत कई वर्षों से लंबित पदोन्नति शामिल हैं।

## कलम देकर किया शिक्षकों का सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय हाईस्कूल बाजार कुर्रीडीह में शिक्षक दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। विद्यार्थियों ने सभी शिक्षकों का तिलक लगाकर व श्रीफल एवं पेन भेंटकर स्वागत सम्मान किया। विद्यार्थियों ने डॉ राधाकृष्णन की जीवनी व उनके प्रेरक प्रसंगों को भाषण के माध्यम से प्रस्तुत किया। व्याख्याता डॉ आशीष नायक ने अपने उद्बोधन में जीवन में गुरु की महत्ता पर प्रकाश डाला। शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष नरेश मरकाम, उपसरपंच राधेलाल मरकाम, पूर्व उपसरपंच परसराम मरकाम, दिलीप सिन्हा, कन्हैया लाल सलाम, ग्राम के सभी वरिष्ठ गणमान्य नागरिकों ने श्रीफल एवं पेन देकर शिक्षकों का सम्मान किया। कार्यक्रम का संचालन कक्षा दसवीं के छात्र रोहित व आभार प्रदर्शन कुमारी लक्ष्मी ने किया। मौके पर संस्था प्रमुख अभयराम ध्रुव, चुम्मन साहू, भावना रामटेके, खेमिन नागवंशी, भारती कुंजाम, भागीरथी समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

## शिक्षिका प्रीति एवं एमबीबीएस में चयनित निखिल का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

आकाशगंगा कॉलोनी निवासी शिक्षक दीपेन्द्र साहू के पुत्र निखिल साहू का चयन जवाहरलाल नेहरू शासकीय मेडिकल कॉलेज रायपुर में एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए हुआ है। इसी प्रकार कोलियारी स्कूल में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती प्रीति शांडिल्य को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान पर राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इन दोनों गौरवशाली उपलब्धियों पर भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू ने संबंधित परिवारों के निवास स्थान पर पहुंचकर उन्हें सम्मानित किया। श्रीमती साहू ने कहा कि यह जिले के लिए गर्व का विषय है कि हमारे युवा और शिक्षक प्रदेश स्तर पर अपनी पहचान बना रहे हैं। ऐसे उदाहरण समाज में प्रेरणा का कार्य करते हैं। इस अवसर पर शहर मंडल पूर्व अध्यक्ष विजय साहू, भाजयुमो जिला महामंत्री जय हिन्दूजा, भाजयुमो शहर मंडल उपाध्यक्ष दौलत वाधवानी, देवेश अग्रवाल, सूरज शर्मा सहित अन्य उपस्थित थे।

# श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक उत्साह का दिखा संगम

■ डोड़की में गणेशोत्सव पर हुआ रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

समीपस्थ ग्राम डोड़की में गणेशोत्सव के अवसर पर आयोजित लोकछाया सांस्कृतिक कार्यक्रम भव्यता और उत्साह का केंद्र रहा। मुख्य अतिथि नगर निगम महापौर रामू रोहरा थे। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों एवं समिति के सदस्यों ने महापौर का पारंपरिक विधि से स्वागत किया। ढोल-नगाड़ों की थाप और जयकारों के बीच उनका अभिनंदन हुआ।

ग्रामवासियों ने गणेश स्थापना एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए स्थायी रंगमंच की मांग रखी, जिसे महापौर ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि डोड़की जैसे ग्रामीण अंचलों की सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित और समृद्ध करना हम सबकी जिम्मेदारी है।

अपने संबोधन में महापौर श्री रोहरा ने कहा कि भगवान श्री गणेश शुभता एवं मंगल के प्रतीक हैं। मैं प्रार्थना करता हूं कि उनकी कृपा दृष्टि से क्षेत्र में सुख-समृद्धि बनी रहे और यहां के युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिले। सांस्कृतिक मंच न केवल धार्मिक आयोजनों बल्कि शिक्षा और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए भी उपयोगी सिद्ध होगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों और युवाओं ने नृत्य, गीत-संगीत और नाट्य प्रस्तुतियां दीं।

इस अवसर पर प्रियंका सिन्हा, मनीषा साहू, सत्यप्रभा साहू, रामबती सिन्हा, बेनी सिन्हा, कोदूराम साहू, राजीव सिन्हा, किशोर साहू, अश्वनी सिन्हा, धानू सिन्हा, दीनू लालचंद सिन्हा, अजय देवांगन, विवेक राजकुमार सिन्हा, रामकुमार सिन्हा, हेमशंकर सिन्हा, चंद्रहास सिन्हा, दुलारू राम ध्रुव, कमलेश सिन्हा, दयाराम सहित अन्य उपस्थित थे।

गांव की आस्था नवयुवक गणेशोत्सव समिति द्वारा आयोजित यह कार्यक्रम देर रात तक चलता रहा और श्रद्धा, भक्ति एवं सांस्कृतिक उत्साह का अनोखा संगम बना।

## नाचते कूदते भक्तों ने भगवान गणेश को किया विदा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

ग्राम पंचायत सेमरा में भगवान गणेश का विसर्जन धूमधाम एवं हर्षोल्लास से किया गया। भगवान गणेश जी की मूर्ति को गांव की गलियों में भ्रमण कराया गया। जगह-जगह पर भगवान गणेश की मूर्ति की पूजा-अर्चना की गई। भक्तों को खीर पूड़ी एवं प्रसादी वितरण किया गया। बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला, पुरुष सभी डीजे की धुन में नाचते कूदते नजर आए और नम आंखों से बप्पा को विदाई दी।

मौके पर उपसरपंच संदीप देवांगन, नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति सेमरा के अध्यक्ष हृदय देवांगन, उपाध्यक्ष संजय साहू, टुकेश्वर साहू, सचिव बलिराम साहू, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सेन, सांस्कृतिक अध्यक्ष इंदल प्रसाद साहू, बालमुकुंद डोटे, चिंताराम साहू, सत्येंद्र साहू, नूतन डोटे, दिलीप यादव, पार्मेंद्र साहू सहित अन्य मौजूद थे।

## हसदा में बलराम जयंती मनाई गई

**मगरलोड।** भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष लालाराम चंद्राकार एवं भारतीय किसान संघ मगरलोड तहसील अध्यक्ष तोमनसिंह साहू के मार्गदर्शन में उपतहसील करेली बड़ी के ग्राम अमलीभाठा (हसदा) में भगवान बलराम का जन्मोत्सव एवं किसान दिवस मनाया गया। भगवान बलराम के आदर्श मूल्य के साथ कृषि आधारित, नई तकनीकी, विकास पारंपरिक खेती, दलहन तिलहन पर चर्चा की गई। भारतीय किसान संघ छग प्रदेश संगठन को मजबूत करने के लिए नियमावली का वाचन किया गया।

# आमदी स्कूल में रजत जयंती वर्ष पर हो रहे विविध कार्यक्रम

■ शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को कलम भेंटकर किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)

छग राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शासकीय उन्नयन माध्यमिक एवं पीएमश्री उन्नयन प्राथमिक शाला में रजत जयंती वर्ष मनाया गया।

शिक्षा विभाग में 28 अगस्त से विविध आयोजन व क्रियाकलाप कराए जा रहे हैं। 28 अगस्त को पुस्तक वाचन हुआ जिसमें विद्यालय स्तर पर कुल 120 विद्यार्थी व शिक्षकों ने पुस्तक वाचन किया। 29 अगस्त को निबंध प्रतियोगिता हुई जिसमें कुल 82 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। 30 अगस्त को एलुमिनाई मीट का आयोजन हुआ जिसमें लगभग 15 पूर्व छात्रों का आगमन हुआ और उन्होंने अपने पढ़ाई जीवन का अनुभव बच्चों के साथ साझा किया। 3 सितंबर को बच्चों द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडलों की प्रदर्शनी रखी गई। 4 सितंबर को भाषण प्रतियोगिता मेरे सपनों का स्कूल रखी गई जिसमें 11 बच्चों ने अपने-अपने विचार रखें। 6 सितंबर को शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों ने शिक्षक के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। शिक्षकों को विभिन्न मनोरंजन खेल भी कराया गया जिसमें आंख में पट्टी बांधकर अपने स्कूल के बच्चों को आवाज से पहचानने, बोर्ड पर एक निश्चित जगह पर आंख पर पट्टी बांधे हुए अपना नाम लिखना था। संकुल प्राचार्य केके साहू ने डॉ. राधाकृष्णन के जन्मदिन पर ही क्यों शिक्षक दिवस मनाया जाता है, इस पर प्रकाश डाला। सभी शिक्षकों को कलम प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रधानपाठक बिंदु ध्रुव, लक्ष्मीकुमार साहू, शिक्षक सविता छाटा, समन्वयक दीपेंद्र साहू, सोमदत्त साहू, उमेंद ठाकुर, पूरनलाल कंवर, डोमेन्द्र साहू समेत अन्य मौजूद थे।

# सिहावा स्कूल में शिक्षकों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सिहावा में शिक्षक दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों का सम्मान किया। बच्चों ने शिक्षकों के लिए क्रीड़ा प्रतियोगिता का भी आयोजन किया, इसमें कुर्सी दौड़, हांडी फोड़ जैसे खेल शामिल किए गए। शिक्षकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक के तैलचित्र पर पूजन अर्चना के साथ हुई। उसके बाद छात्र-छात्राओं ने शिक्षकों को श्रीफल, भेंटकर सम्मानित किया। इसके बाद खेल प्रतियोगिता हुई।

प्राचार्य एसआर साहू ने बच्चों से कहा कि गुरु शिष्य की परंपरा को बरकरार रखते हुए शिक्षकों का सम्मान एवं उनके बताए मार्गों का अनुसरण करने से निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इस अवसर पर शिक्षक नीलकमल ठाकुर ने कहा कि लक्ष्य को पूरा करने के लिए अपने कर्तव्यों का पालन करना जरूरी है। छात्र-छात्राओं को हमेशा बुरी आदतों से दूर रहना चाहिए। इस अवसर पर शिक्षक वेदराम सेन, गोविंद नारायण साहू, दुष्यंत पुजारी, हरीश साहू, हेमंत साहू, पितेश साहू, दिनेश यादव, हीरा मरकाम, पूर्णचंद यादव, संजय शांडिल्य, निशा साहू, नीतू जैन, योगमाया मरकाम, तिलेश्वरी अटल, रश्मि यदु उपस्थित थे।

## छात्रों ने किया शिक्षकों का सम्मान



■ समाधान एकेडमी स्कूल करेली बड़ी में शिक्षक दिवस मना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

समाधान एकेडमी अंग्रेजी माध्यम स्कूल करेली बड़ी में डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन पर शिक्षक दिवस मनाया गया। बच्चों ने सभी शिक्षकों का सम्मान किया। बच्चों ने गुरुजनों के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति दी व शिक्षक- शिक्षिकाओं को श्रीफल, पेन व अपने द्वारा बनाए गए ग्रीटिंग कार्ड भेंट किये।

कार्यक्रम में प्रधानपाठक सीएम साहू, गोदावरी साहू, कांति निषाद, भूपेंद्र साहू, उत्तम साहू, जागेंद्र साहू, भाग्यश्री साहू, ओंकार साहू, उपासना यादव, मनोज साहू, गीतेश्वरी साहू, निकिता साहू, सोहद्रा सेन सम्मिलित थे।

## कोंगेरा में नवाखाई पर्व मनाया गया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

गोंडवाना समाज उपक्षेत्र टांगापानी के ग्राम कोंगेरा में उत्साह और उमंग के साथ नवाखाई महापर्व एवं ठाकुर जोहारनी का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों सहित समाज के वरिष्ठजन, महिला-पुरुष और युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहभागिता कर पर्व को यादगार बनाया। इस अवसर पर संतोष नेताम, शिवलाल नेताम, छेडूराम नेताम, सोहनलाल मरकाम, रतिराम नेताम, ठाकुरराम कुंजाम, पंचमसिंह सलाम, धनसाय नागवंशी, रामसिंह मरकाम, प्रमोद कुंजाम, मुकेश कुंजाम, यशवंत मंडावी, नीलकुमार सूर्यवंशी, दुर्गावती कोड़ोपी, सरजूराम कावड़े एवं सतीष नेताम विशेष रूप से उपस्थित थे। सामूहिक सहभागिता और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ सम्पन्न यह आयोजन गोंडवाना समाज की एकता, संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाने का प्रेरक उदाहरण बना।

## मोहरेंगा में सामुदायिक भवन एवं सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

विधायक अजय चंद्राकर ने ग्राम पंचायत मोहरेंगा में विधायक निधि से आदिवासी भवन निर्माण 6.50 लाख रुपए और समग्र विकास मद से सीसी रोड निर्माण के लिए 5.20 लाख रुपए की स्वीकृति प्रदान की थी जिसका भूमिपूजन कार्यक्रम रखा गया।

मुख्यातिथि जपं के कृषि सभापति राजेश साहू, सरपंच प्रीति भूपेंद्र ध्रुव, उपसरपंच कुलाशराम यादव, पंचगण बलराम निषाद, घनश्याम पटेल, नेतराम निषाद, दुर्जन पटेल, शांता साहू, तेजेश्वरी पटेल, आमीन पटेल, बैगा मेघनाथ ध्रुव, राजेंद्र ध्रुव, कोमल ध्रुव, भूपेंद्र ध्रुव पूर्व सरपंच, पालक निषाद, विनोद निषाद थे।



### बच्चों ने किया भगवान गणेश को विदा

**नगरी।** बच्चों ने नाचते कूदते भगवान गणेश को विदा किया। गांव के गलियों में विसर्जन यात्रा निकाली गई।

## खबर संक्षेप

### तबीयत बिगड़ने से महिला की मौत

**धमतरी।** तबीयत बिगड़ने पर महिला को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पुलिस चौकी को मृतिका के पति महेंद्र साहू महात्मा गांधी वार्ड निवासी ने अपने बयान में बताया कि उसकी पत्नी मीना साहू उम्र 40 वर्ष बीते एक वर्ष से उससे अलग होकर रामपुर वार्ड के शैलेंद्र सोनी के मकान में किराये में रह रही थी। पत्नी के किराये के मकान में उसका आना-जाना था। शनिवार को मीना ने फोन कर तबीयत खराब होने की बात कहकर डाक्टर के पास जाने के लिए बुलाई थी। मीना को उपचार के लिए ओजस्वी नर्सिंग होम ले गए। इलाज के बाद मीना घर आ गई। रविवार को उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल भी ले गया। वहां से वापस आ गए। रात लगभग 4 बजे मीना को दोबारा जिला अस्पताल लाया गया जहां डाक्टर ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद पति को शव सौंप दिया। महिला की मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से इसका खुलासा हो पाएगा।

### कृषि उपज मंडी के पास शराब पीते दो पकड़ाए

**कांकेर।** पखांजुर थाना पुलिस ने कृषि उपज मंडी पखांजुर के पास शराब पीते हुए दो शराबियो को पकड़ा और उनके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पीव्ही 118 रतनपुर निवासी 21 वर्षीय अभिजित और पीव्ही 32 रामकृष्ण नगर निवासी 25 वर्षीय गौरव घोस 7 सितंबर की रात 8 बजें कृषि उपज मंडी के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब का सेवन कर रहा था। छापामार कार्यवाही कर दोना शराबियों को पकड़ा गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 36 (च) (1) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### आत्मानंद विद्यालय की छात्रा ने की खुदकुशी

**दुर्गुकोंदल।** विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत मंगहूर निवासी 14 वर्ष निवासी छात्रा लिसा कडियाम ने अज्ञात कारणों के चलते खुदकुशी कर लिया। भानुप्रतापपुर के आत्मानंद स्कूल में 9 वीं कक्षा में पढ़ाई कर रही थी। पुलिस की अभी तक मिली जानकारी के अनुसार छात्रा को उसकी माता द्वारा बार-बार मोबाइल चलाने और पढ़ाई में ध्यान न देने को लेकर डांटा गया था। घटना की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कर शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया। मामले की जांच की जा रही है।

### ग्रामीण ने फांसी लगा की खुदकुशी, कारण अज्ञात

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत कोदागांव निवासी 40 वर्षीय रामदयाल हुर्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक ने आत्महत्या क्यों किया यह पता नही चल पाया है। कोदागांव निवासी 65 वर्षीरू घनश्याम नेताम ने पुलिस को बताया कि मृतक ने अपने खेत की ओर 6 सितंबर को सुबह 11 बजें से दोपहर 1 बजें बीच खेत लाड़ी में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मृतक ने आत्महत्या किस वजह से किया।

हिंदू संगठनों ने किया जेहादी मानसिकता का पुतला दहन

# सिर तन से जुदा नारे पर बवाल एफआईआर दर्ज करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में सिर तन से जुदा के नारे से आक्रोशित विहिप व हिन्दू जागरण ने जोरदार विरोध प्रदर्शन कर पुतला दहन किया। बीते शुक्रवार की देर रात शहर के चमेली चौक के पास सिर तन से जुदा जैसे विवादित नारे गूंजने का आरोप है जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। वीडियो के वायरल होते ही लोगों में आक्रोश फैल गया। इस आतंकवादी विचारधारा का विरोध करते हुए हिन्दू जागरण मंच ने कचहरी ढलान के पास देश विरोधी आतंकवादी मानसिकता व संविधान विरोधी मानसिकता जेहादी मानसिकता का पुतला दहन किया। संगठन ने शहर में पैदल मार्च निकालकर अपना विरोध जताया।





प्रदर्शनकारियों ने सवाल उठाया कि भारत में इस तरह से प्रतिबंधित नारे क्यों लगाए जा रहे हैं। इस मामले में जल्द से जल्द ठोस कार्रवाई की मांग की है। विश्व हिन्दू परिषद ने एएसपी मणिशंकर चंद्रा को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि शुक्रवार को ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर मुस्लिम समुदाय द्वारा शहर में जुलूस निकाला गया था। उक्त जुलूस हिन्दू बाहुल्य क्षेत्र से होकर गुजरा। उसमें सम्मिलित कुछ व्यक्ति ने लाउडस्पीकर के माध्यम से भड़काऊ भाषण एवं नारेबाजी की।

जुलूस में खुलेआम हिन्दू समाज एवं हिन्दू पुलिसकर्मियों की ओर ऊंगली दिखाकर गाली-गलौज की गई। इसके साथ ही गुस्ताख ए नबी की एक ही सजा, सिर तन से जुदा जैसे अत्यंत आपत्तिजनक एवं उक्त भड़काउ नारे लगाए गए। इन नारों से न केवल हिन्दू समाज की धार्मिक भावनाएं आहत हुईं बल्कि शहर की शांति एवं आपसी सौहाद्र को भी गंभीर क्षति पहुंची है।

सोशल मीडिया व इंस्टाग्राम में इन नारों का वीडियो प्रसारित हो रहा है जिससे समाज में और अधिक तनाव फैल सकता है। विहिप ने भड़काउ और समाजविरोधी कृत्य में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में विहिप के जिलाध्यक्ष यशवंत साहू, जिलामंत्री रामचंद देवांगन, दीपक सोनी, दिलीप साहू, जिला संयोजिका निर्मला ध्रुव, जिला संयोजिका दुर्गा वाहिनी भूमिका कोर्राम, प्रसार प्रमुख दक्षिणेन्द्र गिरी, नेमचंद साहू, नगर अध्यक्ष कुंदन साहू, मुकेश साहू, धमानंद निषाद, पूर्णानंद साहू, ईश्वरी नेताम एवं जिला संयोजक रविकुमार औज कौल शामिल रहे।

# गंगरेल में 10 को मनेगा ओबीसी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

इस बार भी 10 सितंबर को ओबीसी दिवस मनाया जायेगा। प्रदेश स्तरीय आयोजन गंगरेल में होगा। ज्ञात हो कि आजादी के महज 25 दिनों के बाद महात्मा गांधी से प्रेरणा लेकर त्यागमूर्ति रामलखन चंदा पुरी ने अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ की स्थापना की थी। इस संगठन का उद्देश्य ओबीसी वर्ग समाज के लोगों को उनकी जनसंख्या अनुपात में हिस्सेदारी दिलाकर सामाजिक न्याय की स्थापना करना है। अखिल भारतीय पिछड़ा वर्ग संघ से संबंध ओबीसी संयोजन समिति छत्तीसगढ़ के बैनरतले ओबीसी दिवस मनाया जायेगा। पिछड़ा वर्ग आंदोलन के प्रथम शहीद चूल्हाई राम साहू की शहादत की याद में 10 सितंबर को ओबीसी दिवस मनाया जाता है। विगत पांच वर्षों से ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) संयोजन समिति छग द्वारा पूरे प्रदेश में ओबीसी दिवस मनाया जाता रहा है। छत्तीसगढ़ के संस्थापक अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने इस सामाजिक क्रांति का हिस्सा बनकर ओबीसी की आवाज को बुलंद करने की अपील की है। कार्यक्रम की तैयारी में टिकेश्वर साहू, समारु सिन्हा, शैलेन्द्र कुमार साहू, सदानंद साहू, युवराज सिंह गंजीर, अंकालुराम साहू, परमानन्द साहू, आशीष साहू जुटे हैं।



# अंग्रेजों के समय में बना रेस्ट हाउस जर्जर



- ग्राम गट्टासिल्ली के ग्रामीणों ने पंचायत को सुपुर्द करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत गट्टासिल्ली के ग्रामीणों ने जिला पंचायत में अध्यक्ष अरुण सार्वा से मुलाकात की। ग्रामवासियों ने बताया कि पूर्व में अंग्रेज शासनकाल में गांव के राजस्व की जमीन खसरा क्रमांक 225 भूमि 1.56 हेक्टेयर पर रेस्ट हाउस बनाया गया है जो अतिजर्जर हो चुका है। अब उक्त भूमि पर कई ग्रामीण अतिक्रमण कर रहे है जिसे वन विभाग रोकने में असमर्थ है। ग्रामीणों ने मांग की है कि उक्त भूमि को वन विभाग पुनः पंचायत को सुपुर्द करें ताकि उस पर हो रहे अतिकमण को रोका जा सके। उस स्थान पर सामुदायिक भवन व पौधारोपण कार्य किया जा सके। इस पर अध्यक्ष ने कलेक्टर एव वन मण्डलाधिकारी को पत्र लिखकर अतिशीघ्र कार्यवाही कर अवगत कराने की बात कही। इस अवसर पर ग्राम गट्टासिली के सरपंच समेत शिवकुमार, ललेश, ईंदल, पवन नेताम एवं अन्य उपस्थित थे।

# रेत के अवैध परिवहन में लिप्त 8 हाईवा जब्त

- राजस्व, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में राजस्व विभाग, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीमों ने 6-7 की दरम्यानी रात में जिले में अवैध रेत परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अवैध गतिविधियों पर नकेल कसी है। यह कार्रवाई जिले के दोनर और सेलदीप में की गई है और आगे भी निरंतर जारी रहेगी। खनिज अधिकारी एचडी भारद्वाज ने बताया कि खनिज एवं खान विकास अधिनियम अंतर्गत अवैध रेत परिवहन पर 8 हाईवा अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर जब्त किए गए हैं। उक्त हाईवा कंपोजिट बिल्डिंग धमतरी में अभिरक्षा में रखा गया है। कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अवैध खनन, रेत के अवैध भंडारण और परिवहन जैसे कार्यों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में खनिज संसाधनों की सुरक्षा एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने हेतु लगातार निगरानी की जा रही है तथा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने आमजनों से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस प्रकार की सख्त कार्रवाई जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही खनिज संपदा के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही है। जिला प्रशासन की यह पहल न केवल अवैध खनन माफियाओं को चेतावनी है, बल्कि यह भी संदेश है कि जिले की प्राकृतिक संपदा के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही है।



# कृष्णा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस मना



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कृष्णा पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना और दीप प्रज्ज्वलन से हुई। विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिनमें नृत्य, गीत, कविताएं और नाटक शामिल थे। अतिथि विद्यालय के डायरेक्टर विनोद उपाध्याय थे। उन्होंने कहा कि शिक्षक ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखते हैं। छात्रों ने पुष्पगुच्छ भेंटकर शिक्षकों का सम्मान किया। विद्यालय परिसर में गुरु-शिष्य परंपरा और उत्सव का अद्भुत वातावरण देखने को मिला।

# आमदी में प्रीतेश का हुआ स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह कार्यालय मंत्री प्रीतेश गांधी का आमदी में नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू सहित पार्षदों, जनप्रतिनिधियों तथा गणमान्य नागरिकों ने सम्मान किया। पार्टी द्वारा दिए गए दायित्व के लिए आभार व्यक्त करते हुए श्री गांधी ने कहा कि वे सामूहिक सहभागिता से पूर्व की तरह आगे भी पार्टी की जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

नगर पंचायत अध्यक्ष ज्योति साहू, पार्षदगण संतोषी साहू, सुनीता साहू, लक्ष्मी पटेल, नारायण मटियारा, किरण साहू, त्रिभुवन मटियारा, खोमन साहू, देवेंद्र साहू, छबलू साहू ने प्रीतेश गांधी को प्रदेश पदाधिकारी का दायित्व मिलने पर संगठन नेतृत्व को धन्यवाद दिया है।

मौके पर पूर्व पार्षद राजेन्द्र शर्मा, महामंत्री आमदी मण्डल कोमल देवांगन, नगर पंचायत उपाध्यक्ष कोमल यादव, उमानंद कुम्भकार, पूर्व उपाध्यक्ष तेजराम साहू, किशोर कुंभकार अध्यक्ष भाजपा इकाई, जितेन्द्र कुमार पटेल भाजपा नगर महामंत्री नगर इकाई, वरिष्ठगण असरु राम साहू, बेनी राम साहू, प्रेमशंकर साहू, शिवप्रसाद साहू, रजनीश भेंसले, श्रवण साहू, मितेश साहू, खोरबाहरा साहू, महेंद्र कोसरिया, कामता साहू, अंजनि साहू समेत अन्य उपस्थित थे।

# अंडर 10 फुटबॉल टूर्नामेंट विद्याकुंज स्कूल बना विजेता



- फाइनल मैच मॉडल स्कूल के साथ खेला, टॉस से हुआ फैसला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

डीएफसी क्लब धमतरी द्वारा अंडर 10 फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया, जिसमें आठ स्कूल के बच्चों ने भाग लिया। पहला मैच विद्याकुंज स्कूल वर्सेस मॉडल स्कूल के बीच खेला गया, जो ड्रा रहा। दूसरा मैच विद्याकुंज बी वर्सेस अजीज प्रेमजी स्कूल शंकरदाह के बीच खेला गया। विद्याकुंज स्कूल 1-0 से मैच जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहला सेमीफाइनल मैच विद्याकुंज ए वर्सेस विद्या कुंज बी के मध्य खेला गया जिसमें विद्याकुंज ए विजेता रहा। प्रतियोगिता का फाइनल मैच विद्याकुंज ए वर्सेस मॉडल स्कूल धमतरी के बीच खेला गया, जिसमें दोनों ही टीम ने शानदार खेल दिखाते हुए 1-1 गोल कर मैच ड्रा किया। इसके बाद पेनल्टी शूट आउट किया गया, जिसमें दोनों ही टीम ने 10-10 शूट लिए साथ ही दोनों टीम आठ-आठ गोल किए। दोनों टीम के बीच कांटे की टक्कर रही। दोनों के बीच मैच ड्रा हो गया। टॉस के माध्यम से विद्याकुंज स्कूल विजेता बना। इस प्रदर्शन पर शाला प्रबंधन समिति, प्राचार्य एवं स्टाफ ने हर्ष जताया है। खेल प्रशिक्षक फ्रांसीस एवं रामानंद साहू का विशेष योगदान रहा।

विभागाध्यक्ष मोटवानी की अध्यक्षता में हुई लोक निर्माण विभाग की बैठक

# शहर विकास को गति देने अनेक निर्णय लिए गए



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोक निर्माण विभाग की बैठक विभागाध्यक्ष विजय मोटवानी की अध्यक्षता में निगम सभाकक्ष में हुई। श्री मोटवानी ने कहा कि अब बरसात समाप्ति की ओर है। शहर के 40 वार्डों में रुके हुए कार्य नाली, सड़क सहित जनहितकरी कार्य को गति देने के लिए विभाग के अभियंता, उपअभियंता गंभीरतापूर्वक कार्यों को सुनिश्चित करें। इससे लोगों को सड़क के गड्ढे जैसी समस्याओं से निजात मिलेगी।

श्री मोटवानी ने यह भी कहा कि सामूहिकता के साथ शहर विकास के विजन को आगे बढ़ाने पर ही आमजन का हित है। इससे लोगों का नगर निगम के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

बैठक मे सलाहकार समिति के सदस्य मेघराज ठाकुर, हेमंत बंजारे, कुलेश सोनी, चंद्रभागा साहू, नम्रता पवार, उमा ध्रुव के अलावा नरेंद्र रोहरा, अखिलेश सोनकर, निलेश लूनिया तथा पिंटू यादव भी मौजूद थे। लोक निर्माण विभाग के सलाहकार समिति के सदस्यों ने टेंडर की नियम प्रक्रिया में पूरी तरीके से पारदर्शिता बरते जाने पर सहमति बनाई।

सभी ने कहा कि मरम्मत संधारण, अधोसंरचना मद, पार्षद निधि के कार्यों को तत्काल आगे बढ़ाया जायेगा। विभाग अध्यक्ष श्री मोटवानी ने विश्वास दिलाया है कि आने वाले समय में बुनियादी सुविधाओं से संबंधित कार्य जैसे नाली, सड़क, पेयजल, बिजली, साफ-सफाई की सामग्री खरीदी के कार्यों को जल्द संपन्न करने के साथ-साथ गुणवत्ता पर पूरी तरीके से ध्यान रखा जाएगा। बैठक में विभागीय अधिकारी के रूप में परमेश पेंदरिया, कमलेश ठाकुर, लोमश, देवांगन, नमिता, ऐश्वर्या, धर्मेश उपस्थित थे। आभार व्यक्त विभाग के सचिव नगर निगम के महेंद्र जगत ने किया।

# युवाओं की शिक्षा और रोजगार को बताई प्राथमिकता

- नवाखाई, ठाकुर जोहारनी, मिलन परब में शामिल हुए 15 गांवों के समाजजन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगरी विकासखंण्ड के माड़मसिल्ली डुबान क्षेत्र के गोंड़वाना समाज उपक्षेत्र बीजापुर ने उपक्षेत्रीय स्तर पर नवाखाई, ठाकुर जोहारनी, मिलन परब मनाया। आदिवासी परंपरा के अनुसार पेन पुरखों की सेवा, अर्जी उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

समाज प्रमुखों ने बताया कि आदिवासी समाज की परंपरा अनुसार नवाखाई, ठाकुर जोहारनी उपरांत क्षेत्रीय स्तर पर प्रतिवर्ष यह पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष भी समाज प्रमुख भुखाऊ राम कुंजाम, बृजलाल मंडावी, गंगाराम मरकाम के मार्गदर्शन में नवाखाई, ठाकुर जोहारनी मिलन परब बीजापुर में धूमधाम से मनाया गया। परब के दौरान क्षेत्र के गायता, पुजारी, पटेल के साथ क्षेत्र के सामाजिक प्रमुखों का सफेद पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य अजय ध्रुव, जनपद अध्यक्ष महेश गोटा,पूर्व जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव शामिल हुए। इस दौरान सामाजिक जनों ने जिला पंचायत सदस्य से किचन शेड निर्माण की मांग रखी जिनको पूरा करने का पूर्ण आश्वासन दिया। कार्यक्रम को कृष्णा नेताम, सोहन मरकाम, नारायण नेताम, देवनाथ नेताम, देवगन नेताम ने भी संबोधित किया और समाज की परंपरा निर्वहन के साथ युवाओं की शिक्षा और रोजगार को प्रथम प्राथमिकता बताई। कार्यक्रम का संचालन ईश्वर मंडावी और पिंगल गोटा ने किया। सामाजिक कार्यक्रम में क्षेत्र के छिन्दभर्री, चनागांव, गुडरापारा, झीपाटोला, बीजापुर, जामनाला, हितली, फुड़हरधाप, कवाचीपारा, मांझापारा, स्कूलपारा, आमापारा, केकराखोली के आदिवासी समाज के सामाजिकजन बड़ी संख्या में सम्मिलित हुए।









